## महिला ने बताया अपने आपको डीआईजी का फैन, मात्र दो घंटे में हुई एफआईआर

# डीआईजी ऑफिस में हंगामा करने वाली महिला गई जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

गत दिवस डीआईजी कार्यालय में पहुंचकर डीआईजी से मिलने की जिद करने वाली महिला और पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता करने वाली महिला को आखिरकार जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने आपको डीआईजी का फैन बता रही थी। इसके अलावा वे डीआईजी से मिलने काफी समय से फिराक में थी।

डीआईजी कार्यालय में हंगामा करने वाली एक महिला पर पुलिस ने शासकीय काम में बाधा पहुंचाने के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि डीआईजी के कार्यालय में सोमवार को एक महिला डीआईजी सचिन अतुलकर से मिलने की जिद करने लगी। उसको रोकने पहुंचे पुलिस कर्मियों से अभद्रता की। इसके बाद महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है वह लंबे समय से डीआईजी से मिलने की फिराक में थी। जब उसके सब्र का बांध टूट गया तो खुद ही पहुंच गई। मिलने की बजाय हवालात पहुंच गई।

कोतवाली टीआई उमेश गोलानी के मुताबिक महिला नागपुर निवासी शिल्पा है। वह शनिवार को डीआईजी कार्यालय में डीआईजी सचिन अतुलकर से मिलने पहुंची थी। इस दौरान उसे कर्मियों ने मिलने नहीं दिया। उसने कर्मियों के साथ अभद्रता करना शुरू कर दी। मामला बिगड़ता देख पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। बता दें कि उक्त महिला डीआईजी के मोबाइल नंबर पर भद्दे मैसेज और बार-बार कॉल कर परेशान करती थी। फिलहाल पुलिस ने शासकीय काम में बाधा पहुंचाने और धमकी देने की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी महिला के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया




### बताती थी अपने आपको डीआईजी का फैन

पुलिस के मुताबिक महिला सोमवार को डीआईजी कार्यालय छिंदवाड़ा पहुंची थी। नागपुर की रहने वाली महिला जैसे ही डीआईजी कार्यालय में प्रवेश करने लगी तो पुलिस कर्मियों ने उसे रोका। कर्मियों को उसने बताया कि वह साहब की बहुत बड़ी फैन है। इसके बाद कर्मियों ने उसे अंदर नहीं जाने दिया। वह कर्मियों के साथ हुज्जत करने के साथ गाली गलौज पर उतर आई। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया।

### डीआईजी कार्यालय पहुंचकर किया हंगामा

डीआईजी सचिन अतुलकर अपने शरीर सौष्ठव को लेकर देश मे प्रसिद्ध है। उनकी सोशल मीडिया में खासी फेन्स फॉलोइंग है। इन्ही में से एक शिल्पा थी। जो उनकी फेन्स थी। करीब एक साल से मिलने की कोशिश कर रही थी। उसने कुछ करीबियों से भी मिलने की कोशिश की। जब वह नहीं मिल पाई तो खुद ही डीआईजी कार्यालय जा पहुंची। जहां उसने हंगामा खड़ा कर दिया।

## खबर संक्षेप

### इंटक ने मजदूरों के साथ मनाया मजदूर दिवस

**सौंसर।** बुधवार 1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष में भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक जिलाध्यक्ष अरविंद डाहाके प्रमुख उपस्थिति में औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों के साथ मजदूर दिवस मनाया गया।इस दौरान औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत मजदूर साथियों का स्वागत सत्कार किया गया। श्री डहाके के द्वारा अपनी क्षमताओं व कौशल से राष्ट्र के नवनिर्माण एवं प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले सभी सम्मानित मेहनतकश श्रमिको बहनों कामगारों को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस₹ की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि देश की असली बुनियाद मजदूर, किसान और कमजोर वर्ग ही है आज ₹विश्व श्रमिक दिवस₹ पर हमारे सभी सम्मानित श्रमिक भाई बहनों को हम नमन करते हैं, जिनके परिश्रम से राष्ट्र की सफलता का क्रम लगातार आगे बढ़ रहा है । इस अवसर पर इंटक नेता किसन ठाकरे, उपाध्यक्ष भास्कर ठाकरे , किशोर मानमोड़े ज्ञानेश्वर पाबले जागेश्वर सोमकुंवर, तीजनलाल सरेयाम,मारोती वानखड़े, साहेबराव कोलेकर, पन्नालाल पवार, अनिल धोटे आदि उपस्थित थे।

### हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं से की गई गृह भेंट



**जुन्नारदेव।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत नगर के वार्ड क्रमांक 13 की हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के घर-घर जाकर उनसे भेंट कर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में समझाइए दी गई साथ ही टीएचआर का सेवन स्वयं करने की सलाह भी महिला बाल विकास अधिकारी प्रेरणा नर्स को ले द्वारा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को दी गई साथ ही संस्थागत प्रस्ताव करने की सलाह दी गई। इस संबंध में आवश्यक परामर्श और जानकारी भी समय पर प्राप्त करने की सलाह महिला बाल विकास अधिकारी द्वारा दी गई।

### युवक की करंट से मौत, मालिक पर कार्यवाही की मांग

**छिंदवाड़ा।** हर्रई थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सेजवाड़ा में बोरिंग मशीन में काम करने वाले 21 वर्षीय बसंत उइके धोखेड़ा निवासी की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। ऐसी लापरवाही पर जनपद पंचायत हर्रई की जनपद अध्यक्ष कंचना उईके ने कलेक्टर और एसपी को पत्र लिखकर बोरिंग मालिक जगदीश साहू पर एससी एसटी एक्ट लगाने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार इस तरह का हादसा होने से बोरिंग मशीन के मालिक के खिलाफ आदिवासी समुदाय में जन आक्रोश व्याप्त है। यह मामला हर्रई थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सेजवाड़ा का है।

युवक की इस तरह करंट लगने से हुई मौत से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। आदिवासी समाज में भी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि यह हादसा बोरिंग मालिक की लापरवाही के कारण हुआ है। इसलिए पूरे आदिवासी समाज ने बोरिंग मालिक पर एससी एसटी एक्ट लगाने की मांग की है।

## रात में भी की जाएगी समग्र की ई केवायसी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया में कलेक्टर के निर्देशानुसार समग्र की ई.के.वायसी की लक्ष्य की पूर्ति करने के लिये निकाय को निर्देश प्रदान किये गये है । जिस आदेश के अनुसार नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरत गजबे के मार्गदर्शन में निकाय में दैनिक कार्यों के साथ - साथ कार्यरत समस्त कंम्प्यूटर आपरेटर एवं निकाय के कर्मचारी के रात्रि 08 बजे से 11 बजे तक समग्र की ई.के.वायसी की जा रही हैं । मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा नगर के समस्त नागरिकों से अनुरोध किया गया है , कि वह अपने परिवार के समस्त सदस्यों की समग्र की ई.के.वायसी कार्य कराये जाने में सहयोग करेंगे । जिसमें भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा व शासन की योजनाओं से वंछित ना हों सकें । इस निर्धारित की लक्ष्य की पूर्ति करने में कंम्पूयूटर आंपरेटर मुकेश जोहरे, मोहम्मद कदिर, आदित्य चतुर्वेदी, दीपक पवार, रवि यादव, अभिषेक अवस्थी, कमलेश बावरिया, अरूण पटेल, सुल्तान, अंकुश गजभिये, पवन यदुवंशी के साथ-साथ अधिकारी गण कृष्णकांत तिवारी, रामलाल दुबे, विनोद मिश्रा, अनिल मालवी, रहिसा खान इत्यादि इस समग्र की ई.के.वायसी के संपादन में विषे सराहनीय योगदान है ।

### ट्रेन से टकराकर युवक की मौत

**परासिया :** परासिया चीर घर के पास रेलवे क्रॉसिंग को पार करने के दौरान एक युवक की मेमो ट्रेन से टकरा जाने से मौके पर ही मौत होगी । परासिया पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है । मिली जानकारी के अनुसार कोसमी हनुमान मंदिर के पीछे रहने वाले 31 वर्षीय नरेंद्र पिता भजनलाल कमरे बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे रेलवे लाइन पार कर रहा था । इसी दौरान मेमो ट्रेन का आना हुआ । जिसके बाहरी हिस्से से टकराकर बगल में ही गिर गया । सिर पर गंभीर चोट आने के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई । बताया जा रहा है , कि मृतक को कम सुनाई देता था और वह बीते तीन दिनों से चीर घर के समीप अपनी गाड़ी की मरम्मत करवा रहा था ।

## उत्कृष्ट कर्मियों को प्रतिमाह किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

1 मई को निगम सभाकक्ष में नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय द्वारा स्वास्थ्य शाखा के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के 2024 के सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में ₹जन आंदोलन अभियान₹ के अंतर्गत आम नागरिकों के सहयोग से परिसर को स्वच्छ बनाने तथा स्वच्छता की आदतों के अंतर्गत लोक व्यवहार में परिवर्तन लाने की पहल करने के निर्देश दिए गए। निगम के सभी जोन कार्यालय में आरआरआर सेंटर के लागतार संचालन के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने शहर के प्रत्येक वार्ड में होने वाले कार्यक्रमों को जीरो वेस्ट कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए।निगमायुक्त ने बैठक में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं जन सहयोग से निकाय के अधिक से अधिक वार्डो को आत्मनिर्भर वार्ड बनाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने सभी स्वच्छता निरीक्षकों को अपने जोन के उत्कृष्ट कर्मचारियों को प्रतिमाह सम्मानित करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने शहर में अमानक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने हेतु सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। आयुक्त ने लगातार अमानक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त करने एवं उपयोगकर्ता तथा विक्रेताओं पर जुर्माना करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

## अपर कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के अधिकारियों को औचक निरीक्षण के निर्देश दिये गये हैं। इन निर्देशों के परिपालन में अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे द्वारा आज प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल पटेल साथ में थे । अपर कलेक्टर श्री बोपचे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अलग-अलग ओपीडी कक्ष, मेडीकल स्टोर, सीटी स्केन/सोनोग्राफी शाखा, पैथालॉजी सेक्शन, प्रसूति विभाग सहित पूरे परिसर का भ्रमण किया गया और डॉक्टरों की उपस्थिति, सफाई व्यवस्था, स्ट्रेचर एवं व्हील चेयर की उपलब्धता, दवाईयों की उपलब्धता आदि की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान टीबी/चेस्ट ओपीडी में 3, मेडिसिन में 6, शिशु केयर में 5, डेंटल में 4, मनोरोग में 3 और कान, नाक, गला ओपीडी में 3 डॉक्टर्स उपस्थित पाये गये । मेडिकल स्टोर में 392 इसेंशियल ड्रग और 13 कैंसर ड्रग पाई गई तथा 64 दवायें खरीदी के लिये प्रस्तावित हैं । सीटी स्कैन/सोनोग्राफी शाखा के भ्रमण के दौरान मरीजों की बैठक व्यवस्था और बेहतर करने के लिये अतिरिक्त फर्नीचर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये । निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उपचार के लिये आये मरीजों से भी चर्चा की गई ।

## सहायक जनसंपर्क अधिकारी की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**छिन्दवाड़ा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय छिंदवाड़ा में पदस्थ सहायक जनसंपर्क अधिकारी श्री ओ.पी.सोनवंशी मंगलवार को 38 वर्ष की शासकीय सेवा उपरांत अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। श्री सोनवंशी ने 26 जुलाई 1986 को जनसंपर्क विभाग में शासकीय सेवा ज्वाइन की थी। सेवानिवृत्ति के अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्री सोनवंशी का शॉल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया और उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। उन्होंने शासकीय दायित्व से मुक्त होने के बाद भी निरंतर सक्रिय रहकर परिवार और समाज के लिए योगदान देने के भाव व्यक्त किए। इस अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय के कर्मचारियों के साथ ही श्री सोनवंशी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला सोनवंशी और परिजन भी मौजूद थे। उप संचालक जनसंपर्क सुश्री नीलू सोनी ने श्री सोनवंशी के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री सोनवंशी जिला जनसंपर्क कार्यालय के सबसे वरिष्ठ और अनुभवी शासकीय सेवक हैं। उनके द्वारा शासकीय सेवा के दौरान हमेशा पूर्ण निष्ठा के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन किया गया है। उनकी अनुपस्थिति प्रतिदिन खलेगी। श्री सोनवंशी शासकीय सेवक होने के साथ ही एक प्रसिध्द और सम्मान प्राप्त साहित्यकार भी हैं, जो जनसंपर्क विभाग के लिए गौरव की बात है। उप संचालक सुश्री सोनी ने सेवानिवृति के बाद श्री सोनवंशी को साहित्य के क्षेत्र में अपना और योगदान देने एवं उनके स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## सीएम राइज स्कूल सौंसर में समर कैंप का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बुधवार को सीएम राइस विद्यालय सौसर में 1 से 15 मई 2024 के बीच 12 दिवसीय समर कैंप का आयोजन का शुभारंभ किया गया। सीएम राइस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा की अध्यक्षता में रिबन काटकर 12 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया।समर कैंप प्रभारी श्रीमती कल्पना मानकर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित 133 विद्यार्थियों तथा मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दो सत्रों की गतिविधियों की जानकारी दि।समर कैंप थीम्स हेतु पधारी ब्यूटीशियन कोर्स की मास्टर ट्रेनर श्रीमती भारती रोकड़े, नृत्य कला के शुभम हेडाऊ,संजय भूसांडे,डिंपल गांवडे, हितेश गणोरकर,श्रीमती दिव्या मोहोड़,सुभाष कलंबे,चारु सेलोटकर, श्रीमती संध्या झरारिया, संजय पडोले,संजय सिंगपुरे के द्वारा अपने अपने विषय की कैरियर मे उपयोगिता पर विचार साझा किए। उपप्राचार्य संजय गवनेकर ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतुपढ़ाई के साथ साथ उन्हें अन्य गतिविधियों में भी संलग्न होना चाहिए । प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा द्वारा विद्यार्थियों को समर कैंप की थीम्स की महत्ता पर मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुराधा परिहार दिनेश्वर गौतम ने किया।

## श्रीराम महायज्ञ में श्रद्धालुओं का उमड़ रहा जन सैलाब

### चौथे दिन सुदामा एवं भगवान श्रीराम की लीलाओं का कथा में किया वर्णन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

ग्राम पंचायत मदनपुर के ग्राम जैतपुर कला में 28 अप्रैल से १०८ कुण्डीय श्री राम महायज्ञ चल रहा है, यज्ञ में जजमानों के साथ-साथ उनके परिजन भी आहुतियां डाल रहे हैं। पंडित प्रभाकर प्रसाद शास्त्री ने बताया कि यज्ञ स्थल पर चल रही कथा में सुदामा महाराज एवं श्री राम प्रभु की लीलाओं का वर्णन चौथे दिन सुनाया गया। प्रवचन सुनने दूर-दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। श्रद्धालु द्वारा हवन पूजन किया गया और और यज्ञ स्थल की परिक्रमा करते हुए पुण्य लाभ लिया जा रहा है। वहीं यज्ञ स्थल के आसपास बच्चों के मेला का आयोजन भी किया गया है। जहां खिलौने, झूले तथा फल-फूल की दुकानें भी सजाई गई है। पास ही जगह-जगह पर धूप से बचने पंडाल की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही पुलिस प्रशासन का भी लगातार सहयोग मिल रहा है। चांद थाना का पुलिस बल पूरे समय यज्ञ स्थल के आस-पास सक्रिय रहते हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो सकें। कहते है कि यज्ञशाला की परिक्रमा मात्र से मन की मुरादे पूरी है। श्रद्धालुओं द्वारा लगातार बड़ी संख्या में यज्ञस्थल पर परिक्रमा की जा रही है और मनोकामना रखकर माथा टेक पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। चित्रकूट से आए प्रवचनकर्ता शास्त्रीपिछले चार दिनों से चल रहा महायज्ञ के दौरान कथान सुनाने चित्रकूट से आए पंडित मोहन शास्त्री द्वारा श्री राम कथा का वाचन किया जा रहा है। वे कथा के साथ-साथ श्री राम के भजन भी श्रोता को सुना रहे हैं। उन्हें सुनने के लिए श्रोताओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। चिकित्सा टीम भी दे रही सेवाएंभीषण गर्मी को देखते हुए श्रीराम सेवा समिति जैतपुर कला द्वारा यज्ञ स्थल पर पीने का पर्याप्त पानी और श्रद्धालुओं का ध्यान रखते हुए उन्हें लू से बचाने पंडाल में कूलर, पंखे और छायादार त्रिपाल लगाया गया है। साथ ही सभी स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा शिविर भी उपलब्ध कराया गया है।

## शिक्षा के कन्धों पर सवार होकर मानव 21 वीं सदी में पहुंच गया: फिरोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विद्यार्थियों के प्रति आस्था एवं आत्मीयता रखिए और उसे स्पेस दीजिए ।निश्चित रूप से उसे शिक्षित करने में आप सफल होंगे। शिक्षा के कन्धों पर सवार होकर मानव सभ्यता 21 वीं सदी में पहुंच गया है। जीवन की दशा और दिशा तय करने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। उक्त उद्गार विदाई समारोह पर प्रधान पाठक फिरोज खान जई मा.शाला डोरली, ने व्यक्त किया। बिदाई समारोह में हाई स्कूल प्राचार्य अजय सिंग ने सेवानिवृत्ति को नवजीवन की संज्ञा दी और आगे उन्होंने कहा कि अमेरिकन ट्रम्प एवं बाइडेन 80 वर्ष से अधिक उम्र में इतनी बड़ी जिम्मेदारी निभा रहें हैं। इसलिए दूसरी पारी खेलने वाले दीर्घायु होते हैं।कार्यक्रम के संचालक महेन्द्र तिवारी ने श्री जई के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सेवानिवृत हो रहे शिक्षक फिरोज खान जई बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। शिक्षा जगत के अनुपम दीपक के रूप में ज्ञान रूपी प्रकाश से छात्रों का आलोकित किया।

## कन्या शाला में हुआ श्रीमती दमधर का विदाई समारोह



**सौंसर।** शासकीय सेवा कार्य के दौरान जीवन में ऐसा पड़ाव आता है। जब वर्षों तक अपने सहपाठियों अधिकारी कर्मचारी छात्र-छात्राओं के साथ में काम करने के बाद में उन्हें छोड़कर जाना पड़ता है। वह समय सेवानिवृत्ति का होता है। उपरोक्त उदगार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह के दौरान माध्यमिक विभाग मे 41 वर्ष से पदस्थ प्रधान पाठिका श्रीमती पदमाताई धमदर ने सेवानिवृति पर कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य बी.आर.कलंबें, ने की। श्रीमती रमाताई वानखडे की विशेष उपस्थिति मे सत्कारमूर्ती श्रीमती पदमाताई धमदर का श्रीफल,शॉल, पुष्पगुच्छ उपहार देकर सम्मानित किया गया। उद्बोधन में सूर्यकीर्ति काले ने श्रीमती धमधर मैडम को एक आदर्श,संघर्षशील,अपने कार्य मे दक्ष व निपुण शिक्षिका,ओर सबके लिए सुयोग्य मार्गदर्शक बताया।

### तामिया में मुनारे पर लेखन पेंटर के बजाए रेंजर ने अनपढ़ मजदूर से लिखवा डाला

# रेंजर की लापरवाही पर कब तक पर्दा डालते रहेंगे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया रेंज में जिधर भी चले जाओ वन विरोधी गतिविधियां देखने मिल ही जाएगी। ऐसा इसलिए है कि तामियां रेंजर का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं है या फिर इन्होंने उन्हें मनमानी करने की खुली छूट दे रखी है। इसी कारण तामिया के जंगलों में का अवैध कटाई एवं रेत का अवैध उत्खनन होना आम बात है। छोटा महादेव सीढ़ी निर्माण में वन भूमि में पत्थर की फाडी तुड़वा कर वन अधिनियम का खुला उलंघन किया जा चुका है । इसके साथ ही कक्ष क्रमांक पी 123 में कैंपा मद से , लगाय गये हजारों पौधे उंगलियां पर गिने तक सीमित रह गए। लेकिन देखने मिल रहा है कि वन भूमि की सीमा एवं वन क्षेत्र का बोध कराने वाले मुनारे में भी लापरवाही देखने मिल रही हैं जिनमें पुताई के नाम पर खानापूर्ति तो करी ही है। लेकिन इन मुनारे पर जो लेखन कार्य किया जाना था। उसमें भी गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। उदाहरण के तौर पर तामिया मैं कक्ष क्रमांक 213 में जो मुनारे पर लेखन कार्य किया जाना था। वह पेंटर से ना करवा कर चौकीदारों से करवाता गया साफ प्रतीत हो रहा है जिसने भी इस मनारे पर लेखन कार्य किया है। वह ना तो हिंदी जानता है और ना ही लिखने का कोई अनुभव है।

इसी पर नजर डालें तो इस पर जो लिखा गया है। पढ़ना तो दूर इसको देखकर ही हंसी आ जाती है। महत्वपूर्ण सीमा का बोध कराने वाला मुनारै पर ढंग से लेखन नहीं किया गया। इस तरह तामिया विश्राम गृह से लगा संरक्षण कार्य व्रत तामिया वन खंड प्रतापगढ़ बादला के मुनारे में इतनी लापरवाही देखने मिल रही कि इस ढंग से पोता भी नहीं गया। इस लेखन का स्पष्ट रूप से उच्चारण नहीं कर सकते है। यहां यह तो सत्य है कि इसमें भ्रष्टाचार की गुंजाइश तो कम होगी पर लापरवाही तो नजर आ रही हैं। जब विश्रामगृह के पास के मुनारे में इतनी लापरवाही देखने मिल रही है तो दूर दराज के जंगल के मुनरो का अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी पुताई और लेखन का काम शायद कागजों में ही किया जा रहा होगा।

इस छोटी सी लेकिन गंभीर लापरवाही के लिए आखिर क्यों ना रेंजर तामिया को ही जिम्मेदार ठहरा जाए। मुनारे लेखन में मजदूरों से लेखन कार्य करवाया जाना तो यही सिद्ध करता है।

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चौरई ने सुनाई सजा, आरोपी गगन और राजेश पर कारावास के साथ जुर्माना भी लगाया

# किसानों की उपज खरीदकर बेइमानी करने वाले गल्ला व्यापारियों को 10- 10 वर्ष सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



किसानों की उपज खरीदकर बेइमानी करने वाले गल्ला व्यापारियों को 10- 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चौरई के द्वारा सुनाई हैथाना चौरई के अपराध क्रमांक 258/2022 एवं सत्र प्रकरण क्रमांक 18/2022 के आरोपगण गगन उर्फ बल्लू और राजेश उर्फ छोटो को दोषसिद्ध करते हुए भादवि की धारा 409/34 (पांच काउंट) में प्रत्येक काउंट में 10-10 वर्ष सश्रम कारावास और 2000-2000 रूपये, कुल 10,000-10,000 रूपये के जुमनि से दंडित किया गया। उक्त प्रकरण में श्री सुदर्शन सोनी अपर लोक अभियोजक द्वारा अभियोजन संचालन किया गया प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अभिलेख के आधार पर प्रकरण में अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोजन मामला अत्यंत संक्षेप में इस प्रकार प्रकट होता है कि अभियोजन के अनुसार फरियादी कमलसिंह, लेखराम वर्मा, मंगलसी वर्मा, शिवकुमार वर्मा और अजय साहू द्वारा दिनांक- 29-03-2022 को थाना चौरई पर उपस्थित होकर संयुक्त रूप से एक लिखित आवेदन पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि वह व उसके गांव झिरिया एवं बांकानागनपुर के रहने वाले किसानों ने अपनी-अपनी उपज का गेंहू एवं मक्का को गल्ला व्यापारी बल्लू उर्फ गगन पिता लेखराम श्रीवास एवं राजेश पिता रामभरोस वर्मा दोनों निवासी मोहगांवकला ने खरीदे लिये थे जो बल्लू उर्फ गगन एवं राजेश वर्मा ने उसके व अन्य किसानों के द्वारा बेची गयी उपज को घर से ही तौल कराकर अपने साथ ले गये थे और सभी का पैसा एक सप्ताह पंद्रह दिन में दे देंगे बोले थे। उसने अर्थात कमलसिंह ने दिनांक 13-03-21 को अपनी उपज का मक्का कुल 231किंटल प्रति किटल 1300/- रूपये में बेचा था जिसका 3,00,300/-रूपये है। उसके साथी लेखराम वर्मा पिता नंदराम वर्मा निवासी ग्राम झिरिया ने अपनी उपज की गेहूं कुल 56 क्विटल प्रति क्विंटल 1800/- रूपये के भाव से बेचा था जिसका कुल 1,00,800/-रूपये है। मंगलसी वर्मा पिता भागचंत वर्मा निवासी बांकानागनपुर ने अपनी उपज का मक्का कुल 277 क्विटल प्रति क्विंटल 1300/- रूपये के भाव से जिसका कुल 3,60,360/- रूपये है. शिवकुम शिवकुमार वर्मा पिता मंगलसिंह वर्मा निवासी बाकानागनपुर ने अपनी उपज की गेहूं कुल 27 क्विटल प्रति किटल 1975/- रूपये में बेचा था जिसका कुल 63.325/-रूपये, अजय साहू पिता रामनारायण साहू निवासी बांकानागनपुर ने अपनी उपज का मक्का कुल 110 किंटल प्रति किटल 1370/-रूपये के भाव से बेचा था जिसका राजेश वर्मा ने 80,000/-रूपये दे दिया है अभी 70,700/-रूपये लेना बाकी है अभी तक बल्लू श्रीवास एवं राजेश वर्मा ने अनाज का पैसा नहीं दिये हैंगल्ला खरीदने एवं पैसे देने की नीयत तारीख एक हफ्ते पंद्रह दिन से ज्यादा हो जाने पर वह एवं उसके साथी बल्लू श्रीवास व राजेश वर्मा से पैसे मांगते थे तो दोनों बोलते थे कि पैसा नहीं है जब पैसे होंगे तब देंगे कहकर हिला हवाला करते रहे। वह और उसके साथी लगातार बल्लू एवं राजेश वर्मा से बेचे गये अनाज के पैसे मांगते रहे हैं परंतु दोनों ने अभी तक उनके गल्ले का पैसा नहीं दिये बल्कि वे जब भी उनके घर मोहगांवकला जाते तो दोनों घर में नहीं मिलते एक डेढ़ साल हो गये हैं बल्लू व राजेश वर्मा ने उनके अनाज का पैसा नहीं दिये हैं दोनों ने उनका गेहूं व मक्का बेचकर पैसा खर्च कर लिये हैं। बल्लू श्रीवास व राजेश वर्मा दोनों व्यापारी हैं जो 7-8 साल से आसपास के क्षेत्र के लोगों से गल्ला खरीदने का काम करते थे इसी विश्वास के कारण उन्होंने भी अपना अनाज बल्लू श्रीवास व राजेश वर्मा को दिये दोनों ने छल कपट बेईमानीपूर्वक उसके व उसके साथियों से मक्का व गेहूं की खरीदी अपने बताये रेट में किये और खरीदा हुआ गेहूं एवं मक्का को बेच दिये परंतु हमें अभी तक उनके गेहूं व मक्का की राशि नहीं दिये हैं दोनों ने स्टाम्प पेपर लिखकर लिये थे कि यदि वे समय पर बेचे गये गेहूं व मक्का का पैसा नहीं दिये तो कार्यवाही की जाये। दोनों ने उनके साथ बेईमानी कर लिये हैं। फरियादीगण के उपरोक्त लिखित आवेदन के आधार पर थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा चौरई द्वारा अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया, अन्वेषण पूर्ण होने पर अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोगपत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जो उपर वर्णित सत्र प्रकरण के रूप में दर्ज हुआ विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को दोषी पाकर उपरोक्त दंड से दण्डित किया गया।

## जैन बाल संस्कार शिविर का हुआ शुभारंभ, तारण भवन छोटी बाजार में आठ दिनों तक होगा संस्कारों का बीजारोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के ह्दय स्थल छोटी बाजार स्थित तारण भवन में श्री तारण तरण दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में श्री तारण तरण दिगंबर जैन नवयुवक मंडल द्वारा बुधवार 1 मई से 8 मई तक चलने वाले श्री तारण तरण जैन बाल संस्कार शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ।मंडल अध्यक्ष राजा जैन एवं सचिव सुमित जैन मोनू ने बताया कि शिविर का शुभारंभ बाल ब्रह्मचारी अध्यात्मरत्न श्री बसंतजी, बाल ब्रह्मचारणी डॉक्टर आरती बहिनजी छिन्दवाड़ा सहित सर्वश्री पंडित सचिनजी शास्त्री भोपाल, अनुभवजी शास्त्री सिलवानी, प्रदीपजी शास्त्री दमोह, अभिनयजी शास्त्री जबलपुर के मंगल सानिध्य में सकल तारण समाज, नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल की विशेष उपस्थित में प्रारंभ हुआ।इस अवसर पर सभी त्यागी व्रतियों सहित अतिथि विद्धानों के साथ समाज अध्यक्ष सुभाष बाबू जैन एवं शिविर संयोजक संकेत जैन ने सम्पूर्ण रूपरेखा बताकर शिविर शुभारंभ की मंगलमय शुभकामनाएं दी, सभा का सफल संचालन तरुण जैन एवं आभार प्रदर्शन प्रदीप जैन ने किया। तारण भवन में वर्ष 2004 से प्रारंभ हुए संस्कार शिविर का इस वर्ष 20 वर्ष है जो आगामी 8 मई तक चलेगा। जिसमे 250 से अधिक शिविरार्थी हिस्सा ले रहे हैं, जिसमे प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक एवं रात्रि 7 बजे से 9.30 बजे तक शिक्षण कक्षाओं सहित विविध ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं के माध्यम से संस्कारों का बीजारोपण कर जिनशासन की मंगल प्रभावना की जावेगी।

## गर्ल्स कॉलेज में एक दिवसीय व्याख्यान का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में प्राचार्य डॉ. अजरा एजाज के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में पशुपालन व डेयरी के क्षेत्र में रोजगार के अवसर की संभावनायें एवं मार्गदर्शन विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें पशुपालन विभाग म.प्र.. शासन से डॉ. पंकज माहोरे एवं डॉ. लोकेश बेलवंशी पशु चिकित्सा अधिकारी विकास खण्ड छिंदवाड़ा ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जागृति व दृष्टिकोण के स्तर को उच्च करने हेतु स्व अध्ययन व महापुरूषों को अपना प्रेरणा स्त्रोत बनाने हेतु प्रेरित किया तथा पशुपालन डेयरी में शासन द्वारा स्वरोजगार हेतु संचालित विभिन्न योजनायें जैसे राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत बकरी पालन डेयरी सूकर पालन साइलेज निर्माण आदि का विस्तृत वर्णन किया।

## छात्रों की समस्याओं को लेकर कुल सचिव को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आज 01 मई 2024 को छात्र नेता अर्पित तिवारी के नेतृत्व में राजा शंकरशाह विश्व विद्यालय में कुल सचिव को ज्ञापन सौंपकर जिला सिवनी स्थित डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय में अध्ययनरत बी.ए.एल.एल.बी. के छात्रों के परीक्षा परिणाम जो घोषित हुये हैं उसके विरोध में छात्रों ने संगठनात्मक रूप से विश्व विद्यालय प्रशासन पर तंज कसा और कहा कि लगातार ऐसे ही खराब रिजल्ट घोषित करके छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । यदि पुनः परीक्षा पेपर की जांच नहीं की गई और परिणाम में सुधार नहीं किया तो छात्र संगठनात्मक रूप से उग्र आंदोलन करेंगे । क्योंकि वर्तमान में जो परिणाम घोषित हुआ है उसमें एक विषय में सारे ही छात्रों को पूरक दे दी गई और अधिकांश छात्रों को एक समान अंक देकर पेपर जांच में संदेह उत्पन्न हो रहा है । इसी के विरोध में आज सिवनी से विक्की के साथ आये छात्र श्वेता मर्सकोले, पलक सिसोदिया, शिफाली श्रीवास्तव, मुस्कान यादव, गोमती कश्यप, साक्षी कुलस्ते, शिवानी पन्द्रे, यश यादव, अमन रजक, विजेन्द्र नामदेव, कार्तिक राय, अजय डेहरिया, हिमांशु लखेरा, करूणा सिंह एवं गौरव सहित अन्य छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे ।

## विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति का वर्ग आज से

**छिंदवाड़ा।** विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री अजय बंदेवार ने आजबताया कि, विहिप के मातृशक्ति आयाम का महाकौशल ब्रांच का 4 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग छिंदवाडा में लगना तय हुआ है। जो कि छिंदवाडा मुख्यालय स्थित वंदना लॉन परासिया रोड में 2 मई से 5 मई तक लगना है जिस वर्ग में महाकौशल प्रांत के सभी 34 जिलों से मातृशक्ति की लगभग 500 से अधिक बहनों का प्रशिक्षण वर्ग होगा। जिसकी संपूर्ण तैयारी छिंदवाडा के विहिप अधिकारियों द्वारा समिति बनाकर इस वर्ग को संपन्न किया जाना है ।इस समिति के प्रांत संयोजिका वंदना अवस्थी प्रांत उपाध्यक्ष शशि परतेती, विभाग संयोजिका किरण शर्मा, विहिप जिलाध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह प्रांत सदस्य अजय वंदेवार, सहमंत्री ऋषिराज सिंह बैस विभाग संयोजक छोटू पाल, विभाग गौरक्षा प्रमुख गुडडा रघुवंशी जिलामंत्री अर्जुन पवार, बजरंगदल जिला संयोजक गौरव सेन, जिला सहसंयोजग नितेश पटेल, निर्भय पटेल, जिला गौरक्षा प्रमुख देशराज सूर्यवंशी, अभिषेक वैष्णव, कीर्ति रघुवंशी, सोनम अहिरवार सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी द्वारा वर्ग की जिम्मेदारी में संपन्न कराया जाना है जिसमें छिंदवाडा जिले से लगभग 50 महिला वर्ग से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे एवं 100 महिला व्यवस्था करेंगी ।

## नंदलेसरा ओपन केप में मनाया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

### जिला पंचायत सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधियों ने मजदूरों की हितों पर की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** 01 मई को तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 07 किमी. दूर नंदलेसरा ओपन केप में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया.



जिला पंचायत सदस्य सभापति श्रीमती केसर बिसेन, पूर्व मंडी सदस्य कला चौधरी, कामराज देशमुख, दिमागचंद टेम्भरे, खेमचंद कोचर, अवलेश पारधी, पुष्पराज चौधरी और शाखा प्रबंधक शिवराम भिडे की मौजूदगी में मजदूरों के हितों को लेकर चर्चा की गई. इस दौरान मजदूरों ने बताया कि केप में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है. इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की थीम जलवायु परिवर्तन के बीच काम की जगह पर श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना था. इस थीम के जरिए श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को महत्व देने पर जोर दिया गया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि श्रमिक का अर्थ ही होता है श्रम करने वाला. जब तक देश में श्रमिक काम नहीं करेगा तब तक देश विकसित नहीं हो सकता. सुई से लेकर हवाई जहाज बनाने का काम श्रमिक करते है. उन्होंने मजदूरों को अंशदान यानी की पीएफ के विषय में जानकारी दी. उन्होंने एक खदान के मजदूरों के अनुभव को केप के मजदूरों के साथ साझा किया. जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि मजदूरों के पीने की पानी की समस्या को समाप्त करने के लिए केप में हैड़पंप का खनन करवाया जाएगा।

## सीएम राइज़ विद्यालय बालाघाट में समर कैंप का किया गया शुभारंभ

**बालाघाट।** विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सृजनशीलता एवं कला कौशल जैसी गतिविधियों से उनका सर्वांगीण विकास हो, इसके लिये शैक्षणिक सत्र के दौरान अकादमिक गतिविधियों के अतिरिक्त समय-समय पर विभिन्न गुणवत्तापूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया जाता हैं। जिससे उनमें अन्य कौसलों का विकास हो सके। इसी क्रम में सीएम राइज़ शास वीरांगना रानी दुर्गावती उच्च माध्य विद्यालय बालाघाट में समर कैंप (ग्रीष्मकालीन शिविर) का 01 मई 2024 को शुभारंभ किया गया। ग्रीष्मकालीन शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि रुपकुमार बनवाले अध्यक्ष नूतन कला निकेतन बालाघाट एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीपी अग्रवाल प्राचार्य शास हाईस्कूल निलजी मुख्य रुप से उपस्थित रहें। सर्वप्रथम संस्था प्राचार्य ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## अधूरा निर्माण और गढ़ढा बना व्यापारियों व रहागीरों के लिये मुसीबत

### व्यापारी समस्या लेकर पहुंचे नगर परिषद, समस्या हल नहीं होने पर लांजी बंद और रोड जाम करने की दी चेतावनी



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी सड़क का अधूरा निर्माण और ठेकेदार द्वारा खोदे गये गड्ढे से यहां से गुजरने वालो के लिए तकलीफ देह साबित हो रहा है। जिससे आये दिन वाहन चालकों के वाहन इस लंबे चौड़े गड्ढे में फंस कर क्षतिग्रस्त हो रहे है। वहीं रोड किनारे बैठकर व्यापार करने वाले व्यापारियों के लिये भी अधूरी सड़क से काफी परेशानी खड़ी हो रही है बीच रोड में बैठकर व्यवसाय किया नहीं जा सकता जिससे एक तरफ उनके लिये खाई तो दूसरी तरफ कुंआ साबित हो रहा है पीछे हटते है तो खोदे गये गड्डे में गिरने का डर सामने आए तो वाहनों का डर। ऐसे में राहगीरों के साथ-साथ व्यापारियों और फुटकर व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़रहा है। व्यापारियों का कहना है कि सडक की खोदाई की वजह से छोटे से कारोबार पर असर पड़ा है। वहीं जेसीबी के माध्यम से की जा रही खोदाई तथा मटेरियल के उठाव नहीं होने से ग्राहक दुकानों तक आना पसंद नहीं कर रहे हैं। लिहाजा आधा सैकड़ा से ज्यादा व्यापारी ग्राहक का इंतजार धूल खाते हुए करने के लिए मजबूर हैं। हालात इसी तरह रहे तो उक्त मार्ग के व्यापारियों के सामने पेट भरने का संकट पैदा हो सकता है। इसी समस्या को लेकर साल टेकर रोड के व्यापारियों का कहना है कि लांजी नगर परिषद अंतर्गत सालेटेकरी मार्ग पर विगत कई माह से सड़क निमार्ण किया जाना तय था किन्तु ठेकार द्वारा विगत तीन-चार माह से सड़क के दोनों ओर गड्ढा खोदकर नाली बना दी गई हैं जिससे व्यापारियों को अपना व्यापार करने में तकलीफ हो रही हैं, साथ ही उन गड्ढों में बच्चे, बुढ़े और महिलाएं तथा मूकबधीर पशु भी इस मौत के गड्ढे में गिरकर घायल हो चुके हैं। जिसको लेकर दिनांक 1मई को सालेटेकरी रोड़ के सभी व्यापारियों द्वारा नगर परिषद के उपयंत्री अमित नगपुरे से नगर परिषद प्रांगण में भेट कर अपनी समस्या से अवगत कराया गया जिसमें नगर परिषद के उपन्यत्री अमित नगपूरे द्वारा सभी व्यापारियों को आश्वस्त किया गया कि कर दिनांक 2मई. से ही उन गड्ढों को भरकर व्यापारियों को इस समस्या से निजात दिलाया जायेगा और उपस्थित व्यापारियों के द्वारा कहा गया कि यदि दिनांक 2 अप्रैल को रोड के किनारे किए गए गड्ढो की भराई का कार्य नहीं कराया गया तो दिनांक 4 अप्रैल दिन शनिवार को हम सभी व्यापारी भाइयों के द्वारा लांजी बंद किया जायेगा और दिनांक 5 अप्रैल को लांजी मैं रविवार को लगने वाले बाजारके लिए सालटेकरी मार्ग को अवरुद्ध कर बाजार नही भरने दिया जायेगा।

## विधायक विवेक पटेल आज करेंगे बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 023-024 की कक्षा 10 वीं एवँ 12 की बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल अंक पाकर उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का आज 2 मई को स्थानीय पवार मंगल भवन में विधायक विवेक पटेल द्वारा सम्मानित किया जाएँगा। विधायक कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सभी सरकारी एवँ निजी शिक्षण संस्थानों के करीब 250 से अधिक विद्यार्थियों जिन्होंने कक्षा 10 वीं एवँ कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर अपने पालकों, स्कूल और विधानसभा क्षेत्र का नाम रौशन करने वाले बच्चों का सम्मान विधायक विवेक पटेल के हस्ते होंगा। विदित हो कि ऐसा पहली बार होंगा की सम्पूर्ण विधानसभा स्तर पर मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान क्षेत्र के विधायक द्वारा किया जा रहा हैं जो अनुकरणीय हैं विद्यार्थियों के इस सम्मान से निश्चित ही विद्यार्थियों को पढ़ाई के क्षेत्र में और भी बेहतर से बेहतर करने की प्रेरणा मिलेंगी।



## शासन-प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान : सती टोला में मिट रहा 194 वर्षों पुराना सती प्रथा का इतिहास

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



आप सभी ने किताबों में एक प्रथा के बारे में पड़ा ही होगा. यह प्रथा भारतीय इतिहास की एक भयावह प्रथा थी. जिसमें पति के मृत्यु के बाद विधवा महिला को पति के साथ चिता में जिंदा जला दिया जाता था. इस प्रथा का नाम सती प्रथा था. इस प्रथा का बालाघाट जिले से भी ताल्लुक है जी, हां करीब 194 साल पहले तक भारत में प्रचलित रही सती प्रथा का इतिहास बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के ग्राम चाकाहेटी पंचायत के सतीटोला में आज भी देखने को मिलता है. यहां पर सामूहिक जौहर की वह स्मृतियां मौजूद है. जो उस कुप्रथा के इतिहास को बताती है. मगर, इतिहास की यह स्मृतियां शासन-प्रशासन की उपेक्षा के चलते मिटते जा रही है. जिन्हें संरक्षित करने की जरूरत है ताकी गांव सहित जिले की भावी पीढ़ी को इस प्रथा की जानकारी के बारे में पता रहे. किंतु बेहद दुर्भाग्य की बात है कि इस दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है. आपको बता दें इन स्मृतियां के चलते ही चाकाहेटी पंचायत के टोले का नाम सती टोला पड़ा है. जो सरकारी रिकार्ड में दर्ज है लेकिन जिस वजह से पड़ा. अब वह स्मारक अपना अस्तित्व खो रहे है. इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान बालाघाट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र सिंह गहरवार ने कई बार इन स्मारकों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन से पत्राचार किया है किंतु आज तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हो पाई है. बता दें कि सती प्रथा के इतिहास से जुड़े इन स्मारकों पर बनी मूर्तियों को ग्रामीणों ने अज्ञानतावश चूने से पुताई कर दिया है. जिससे स्मारकों के साथ मूर्तियों का क्षरण हो रहा है। सती टोला के यादोसिंह दसमेर बताते है कि यह स्मारक सोमजी बाबा के साथ ही उनके वंशज गंगु मोकासी, पारखी बाबा, पलारी बाबा सहित अन्य के है. यहां कुल 27 स्मारक है. जिनमें अलग-अलग प्रतिमाएं रखी हुई है. इन प्रतिमाओं ने एक पुरुष के साथ महिलाओं और बच्चों की आकृति उकेरी हुई है. बताया जाता है कि यह आकृति उनकी है जो महिलाएं पति की मौत के बाद अपने बच्चों के साथ सती हो गई थी. ग्रामीणों ने बताया कि यहां दीपावली के दूसरे दिन मेले का आयोजन होता है. इस दौरान प्रतिमाओं की पूजा अर्चना भी की जाती है. पूजा और मेले में शामिल होने के लिए ग्राम पंचायत चाकाहेटी के सातों टोलों के अलावा आस-पास के अन्य गांवों के लोग भी आते है और पूजा अर्चना करते है. ऐसी मान्यताएं यहां आज भी प्रचलित है कि इन मूर्तियों के सामने कोई मुराद मांगने पर वह इच्छा पूरी हो जाती है हालांकि ऐसे किसी शख्स से मुलाकात नहीं हो पाई. गांव में यह भी चर्चा है कि इन स्मारकों के नीचे कोई धन गढ़ा हुआ है. बताया गया कि करीब 20 साल पहले कथित तौर पर इस धन को चोरी करने का किसी के द्वारा प्रयास भी किया गया. जिनके खिलाफ तिरोड़ी पुलिस ने कार्रवाई भी की थी और बाद में जिनके द्वारा चोरी का प्रयास किया गया था. उनकी बेदशा हो गई।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा शासन, मंत्री, सांसद और विधायक सहित तमाम अधिकारियों से पत्राचार कर चाकाहेटी के स्मारक को संरक्षित करने की मांग की गई थी लेकिन अब तक कोई गंभीर पहल नहीं की गई. पुनः शासन से पत्राचार किया जाएगा।

**डॉ वीरेन्द्र सिंह गहरवार इतिहास एवं पुरातत्व संग्रहालय बालाघाट**

## 55 वर्षीय बुजुर्ग ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

### आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी थाना अंतर्गत ग्राम कालीमाटी में एक व्यक्ति ने 1 मई को लगभग 1.30 बजे पेड़ से लटककर फांसी लगा ली है। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, आत्महत्या का कारण का पता नहीं चल सका है। लांजी पुलिस ने बताया की अमर पिता मंगलदास बोहने उम्र (55) वर्ष निवासी ग्राम कालीमाटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आस-पड़ोस के लोगों ने व्यक्ति का शव पेड़ से लटका देखा, जिसकी सूचना मृतक के पुत्र लक्ष्मण बोहने ने लांजी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर व्यक्ति का शवआम के पेड़ से उतारा और पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। व्यक्ति के पास से कोई सुसाइड़ नोट नहीं मिला है। मृतक के पुत्र लक्ष्मण बोहने ने घटना के संबंध में लांजी पुलिस को सूचनाग्राम सरपंच को दी ग्राम सरपंच ने ग्राम कोटवार को इस घटना के संबंध में बताया तब ग्राम कोटवार ने लांजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी को जानकारी दी, तब थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी के मार्गदर्शन में पुलिस मौके पर पहुंचकर और शव को आम के पेड़ से नीचे उतारा और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लांजी सिविल अस्पताल भेज दिया है।सूत्रों के अनुसारअमर बोहने कई वर्षो से ड्राइवर का काम करता था। अमर बोहने का परिवार कालीमाटी गांव में ही रहता था। मृतक के पुत्र लक्ष्मण बोहने ने बताया कि मेरे पिता अमर दास बोहने नशे का आदि था और कुछ दिनों से घर के लोगों को परेशान कर रहा था। इस प्रकार आज 1 मई को भी मेरे पिता अमर बोहने घर से चावल लेजाकर गांव में ही बेचने निकला तब हमें एहसास हुआ कि यह फिर चावल बेचकर दारू पीकर आएगा और हमारे साथ वाद विवाद करेगा इसलिए हम घर से कहीं चले गए। तभी लगभग 10 से 10:30 के बीच पड़ोसियों के माध्यम से पता चला कि तुम्हारे पिता अमर दास बहाने घर के पीछे लगे आम के पेड़ पर फांसी पर लटका हुआ है तभी हम अपने घर पहुंच कर इस घटना की जानकारी संबंधित लोगों को दिए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मौकास्थल का पंचनामा बनाकर शव को सिविल अस्पताल लांजी लाकर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा और मामले की जांच में जुट गई है।

## अब कृषि विभाग की योजनाओं से लाभांवित होने के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन

**बालाघाट।** कृषि उपसंचालक राजेश कुमार खोबरागड़े ने बताया कि विभाग में संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने लिए के लिए ऑनलाईन पंजीयन करना होगा। समस्त किसान योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाईन पंजीयन करने हेतु https://kisan.mp.gov.in/schemOnlineRegistration/OnlineRegistration पर एमपी किसान एप्प पर कर सकते हैं। विभाग में संचालित समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं का पंजीयन पोर्टल/मोबाईल एप पर कृषकों द्वारा मोबाईल से अथवा कृषक की सहमति से कृषक मित्र/कॉमन सर्विस सेंटर, क्षेत्र कृषि विस्तार अधिकारियों, अन्य प्रसार कार्यकर्ताओं आदि से कर कृषक की प्रोफाईल तैयार की जा सकेगी।

## खबर संक्षेप

### नगर के विद्यालय में समर कैंप की हुईं शुरूआत



**भुआबिछिया।** नगर के स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर में 1 मई से 15 मई तक विभिन्न विषयों में समर कैंप का आयोजित किया गया, आज समर कैंप का उदघाटन समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया ओर आयोजन की शुरुवात की गई, कार्यक्रम के शुरुआत में मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर समस्त आचार्य परिवार प्राचार्य एवं अन्य अतिथि मार्गदर्शक अभिभावक एवं छत्र छात्राएं की उपस्थित मे दीप प्रज्वलन के बाद प्राचार्य श्री मति निशा पांडे के द्वारा समर कैंप की भूमिका रखी गई, एवं जग मंडल बाल कल्याण समिति के व्यवस्थापक किशोरी साहू ने समर कैंप में प्रति भागियो को मार्गदर्शन दिया वही विशिष्ट अतिथि गोपाल राजपूत ने समर कैंप की सफलता हेतु सभी को अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करने का आग्रह किया, अंत में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमति निशा पांडे के द्वारा अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात योग का अभ्यास कराया गया करसू राइटिंग, चित्रकला, केरियर गाइडेंस, इंग्लिश स्पोकन, संस्कृत व्याकरण ,वैदिक गणित, नृत्य, मेहंदी, ब्यूटीशियन, इंग्लिश ग्रामर आदि विषयों पर शिक्षकों के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया कार्यकर्म मे सीमा नामदेव एवं विद्यालय की पूर्व छात्रा प्रिया सोनी का सराहनीय योगदान रहा तीनों विभाग के समर कैंप प्रभारी एम एल सिंगौर एवम समस्त आचार्य परिवार के सहयोग से आज समर कैंप में 101 छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# 21 सूत्रीय मांगों को लेकर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने प्रदेश भर में सौंपा ज्ञापन

## मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सिवनी जिला इकाई ने भी राज्यपाल के नाम ज़िला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सिवनी।** पत्रकारों के हित में निरंतर प्रयासरत मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने आज 01 मई 2024 को श्रम दिवस के उपलक्ष्य पर पत्रकारों के हित में 21 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम ज़िला कलेक्टर को ज्ञापन सोपा स आपको बता दें की प्रति वर्ष संघ के प्रांत अध्यक्ष श्री शलभ भदोरिया जी के निर्देश पर संघ के संभागीय अध्यक्ष श्री राजेंद्र मिश्रा की अगुवाई में संघ की जिला इकाई के माध्यम से पत्रकार साथी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करनेए पत्रकार कल्याण आयोग का गठन करनेए भोपाल में पत्रकार भवन की भूमि पुनरूरू पत्रकारों को सोपै जाने एआयुष्मान योजना का लाभ पत्रकार साथियों को प्रदान करनेए पत्रकारों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ देनेए टोल नाके पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के पत्रकार गणों को छूट देने सहित अन्य 21 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हैं स आपको बता दें की कई वर्षो से मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश भर श्रम दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश भर के समस्त जिला मुख्यालयो पर ज्ञापन सौंपकर पत्रकारो के हित में अपनी आवाज बुलंद करता आ रहा है । इसी तारतम में कल दोपहर 12रू00 बजे सिवनी जिला कलेक्टर कार्यालय पर एकत्रित हो कर विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपा गया है। ज्ञापन सौंपते समय मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सिवनी जिला इकाई के जिला अध्यक्ष मनीष जैन जीए कार्यकारी अध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी जी ए कार्यकरी अध्यक्ष ;ग्रामीणद्धएकन्हैया प्रजापति जी ए महासचिव रामदास ठाकुर जीए जिला उपाध्यक्ष्य संजीत सिंह बघेल जीए जिला उपाध्यक्ष राजू मेहरा जीए चेतन गांधी जीए बबलू खान जीए द्वारका श्रीवास्तव जी सहित सभी पत्रकार साथी उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ प्रदेश का एकमात्र ट्रेड यूनियन संगठन है जो पत्रकार हितों को लेकर लगातार लड़ाई लड़ता रहा है तथा पत्रकार पेंशन योजना लागू करनेए अधिमान्यता तहसील स्तर तक प्रदान करने एपत्रकारों को आवास उपलब्ध कराने तथा पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर लंबे समय से संघर्ष करता रहा है जिसके चलते सरकारों को मांगे मानकर पत्रकार हितों के लिए कदम उठाने पड़े हैं

जनजातीय उप स चालक को सौपा शिक्षक संघ ने ज्ञापन। आयुक्त जनजाति विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक जिले में उच्च अधिकारियों को शिक्षक समाधान सिविल आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे इसी कड़ी में भोपाल से आए श्री स बरकड़े द्वारा सिवनी जिले के जनजाति विभाग के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के लिए सिविल आयोजित किया गया जिसकी सूचना सहायक का एक आदिवासी विभाग द्वारा किसी भी संगठन को नहीं दी गई थी केवल पेरो द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल उपसंचालक श्री एन एस बरकड़े से भेंट की इस अवसर पर सहायक आयुक्त श्री जी एस मरावी मंडल सयोजकश्री बोरकर तथा सहायक संचालक श्री एस के सिंह की उपस्थिति में संभाग अध्यक्ष विजय शुक्ला जिला अध्यक्ष श्री अनिल शर्मा जिला सचिव अविनाश पाठक जिला कोषाध्यक्ष संतोष सूर्यवंशी कु रई तहसील अध्यक्ष श्री विनोद त्रिवेदी श्री नियाज़ खान जिला उपाध्यक्ष श्री हरि शंकर यादव श्री गजेंद्र राय। छा परा अध्यक्ष श्री अजय यादव संतोष नेमा धनौरा अध्यक्ष श्री गफ्फार खान तथा विभिन्न अध्यक्षों की उपस्थिति में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने अपनी मांगों का ज्ञापन सौंप कर उसे पर चर्चा की प्रमुख मांगों में उच्च पद के प्रभार को नियमानुसार जिला स्तरीय काउंसलिंग के माध्यम से व्याख्याता से प्रिंसीपल उच्च श्रेणी शिक्षक से व्याख्याता उच्च श्रेणी शिक्षक से प्रधान पाठक तथा सहायक शिक्षक से उच्च श्रेणी शिक्षक की कार्यवाही पूर्ण करने की मांग की जिससे नीचे के पद रिक्त होने पर नवीन पद सृजीत हो सके इसी कड़ी में उच्च माध्यमिक शिक्षक माध्यमिक शिक्षक प्राथमिक शिक्षक तथा प्राथमिक शिक्षक विज्ञान शिक्षकों को भी स्थान प्राप्त हो सके अपनी दूसरी मांग में शिक्षक संघ ने शिक्षकों को प्रदान की जाने वाली अर्जित अवकाश की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने तथा भोपाल स्तर से उसमें आ रही समस्या को समाप्त करने की मांग की अन्य मांगों में सहायक शिक्षक तथा प्राथमिक शिक्षकों के 12 24 तथा 30 वर्ष की क्रमोन्नति के आदेश में जो व्यवधान आ रहे हैं उसे पूर्ण कर आचार संहिता समाप्त होते ही जारी करने की मांग की गई मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने शिक्षकों को तथा सहायक शिक्षकों को भी चतुर्थ वेतनमान की पात्रता प्रदान करने के लिए उच्च अधिकारियों से मांग की धनोरा विकासखंड में शिक्षकों को दिए एरियाज का भुगतान न किए जाने पर भी उच्च अधिकारियों द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई संगठन द्वारा नियमित रूप से परामर्शदात्री की बैठक यदि आयोजित की जाती है तो विकासखंड तथा जिला स्तर की समस्याओं का शीघ्र निदान हो सकता है इसकी मांग भी थी तथा यह भी बात कही गई थी विगत दो परामर्श दात्री में सहायक आयुक्त स्वयं उपस्थित न होकर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से परामर्शदात्री की बैठक संपादित करते हैं जिससे शिक्षकों की समस्याओं का समाधान हो पाना संभव नहीं होता उच्च अधिकारियों से संगठन द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार शिक्षकों की शीघ्र समस्याओं के समाधान हेतु मांग की गई शिक्षक संघ द्वारा पूर्व में उच्च पद के प्रभार के जो भी आदेश जारी किए गए हैं उन्हें भी निरस्त कर काउंसलिंग में शामिल करने की बात कही गई

# खेलवृत्ति के लिए 31 मई तक आवेदन लिये जावेंगे

**सिवनी।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिले के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को खेलवृत्ति वर्ष 2024-2025 हेतु प्रदाय किया जाना है, जिसके लिये खेल विभाग द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। श्रीमती मनु धुर्वे, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने आगे बताया कि खिलाड़ी की आयु 01 अप्रैल 2024 को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये। खिलाड़ी को सिवनी जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है। खेलवृत्ति हेतु आवेदन करने के पूर्व के वित्तीय वर्ष में यानि (01 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 की अवधि में) खिलाड़ी द्वारा मान्यता प्राप्त खेल संघ द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो, ऐसे खिलाड़ी ही आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी/प्रशिक्षण केन्द्र/फीडर सेंटर/भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केन्द्र एवं खेल छात्रावास के अंतर्गत प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को खेलवृत्ति की पात्रता नहीं होगी। खेलवृत्ति हेतु खिलाड़ी 31 मई, 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। दिव्यांग वर्ग की अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ी को भी खेलवृत्ति की पात्रता होगी। अधिकृत राज्य स्तरीय खेल संघों द्वारा आयोजित मान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अर्जित करने वाले पात्र खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष क्रमशः राशि रू. 10,000/-, रू. 8,000/- एवं रू. 6,000/- के मान से खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में खेलवृत्ति हेतु स्वर्ण पदक हेतु 08 टीम, रजत हेतु 12 टीम एवं कांस्य पदक हेतु 16 टीम की भागीदारी होना अनिवार्य है। इससे कम टीम होने पर खेलवृत्ति की पात्रता नहीं होगी। वाटर-स्पोर्ट्स, घुड़सवारी एवं शूटिंग जैसे खेलों जिनकी कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना सीमित है, पर यह नियम लागू नहीं होगा। खिलाड़ी को आवेदन पत्र के साथ (1) स्व प्रमाणित पासपोर्ट साईज की 01 फोटो, (2) जन्म प्रमाण पत्र या 10वीं कक्षा की अंकसूची, (3) मूल निवासी प्रमाण पत्र, (4) पदक प्राप्त खेल प्रमाण पत्र, (5) आधार कार्ड, (6) बैंक पासबुक की छायाप्रति, (7) राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित टीमों के नाम की सूची संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा। आधे-अधूरे अपूर्ण भरे गये आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जावेंगें। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई, 2024 है।

# रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव क्यों नहीं चाहते रेल अधिकारी

**केवलारी.** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन बिलासपुर मंडल नागपुर के जंक्शन से छिंदवाड़ा दिशा में ब्राड गेज शुरू हुए डेढ़ वर्ष होने जा रहे हैं लेकिन आम जनता की मांग और आति आवश्यक सुविधाओं की ओर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के अधिकारियों की उदासीनता स्पष्ट दिखाई देती है।केवलारी रेलवे स्टेशन को जो सुविधा मिलना चाहिए वह सुविधा जन मांग के बाद भी नहीं मिल पा रही है।नैनपुर से छिंदवाड़ा सेक्सन पर स्तिथ केवलारी स्टेशन एकमात्र ऐसा रेलवे स्टेशन है जो यात्रियों के माध्यम से एवं रेंक पॉइंट मालवाहक के माध्यम से लाखों रुपया राजस्व रेलवे को मिल रहा है। इस रोड पर दो पैसेंजर ट्रेनों के अलावा नागपुर शहडोल एवं रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन की आवाजाही है दोनों ट्रेनो का जनवरी तक स्टॉपेज नहीं था ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति के ब्लॉक अध्यक्ष रमाशंकर महोबिया के आग्रह पर सिवनी बालाघाट सांसद माननीय श्री डॉक्टर ढ़ालसिंह बिसेन ने रेल मंत्री भारत सरकार से शहडोल नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज दिलवाया थाए जिसका उद्घाटन 13 जनवरी 2024 को रेलवे अधिकारीयोए क्षेत्रीय सांसद और क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति में हुआ था। स्टॉपेज उद्घाटन अवसर पर उपस्थित रेलवे के अधिकारियों से रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन सहित अन्य मांगों निराकरण की मांग रेलवे के अधिकारियों से किया था। शहडोल नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन 13 जनवरी 2024 से केवलारी में रुक रही है इस ट्रेन पर बीते 3 महीने में लगभग 20 लाख रुपए से अधिक की राजस्व रेलवे को अर्जित हुई है एरीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का केवलारी में स्टाप ना होने से रेलवे को बहुत बड़ा आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। नैनपुर छिंदवाड़ा सेक्सन का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन केवलारी क्षेत्र का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन विशालतम क्षेत्र की कनेक्टिविटी से जुड़ा हुआ है चारों दिशाओं की यात्रा की संभावना का प्रमुख केंद्र बिंदु है फिर भी अधिकारियों ने केवलारी में रीवा इतवारी के स्टॉपेज के लिए कोई भी हस्तक्षेप ना करके उदासीनता का परिचय दिया है । शहडोल नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज दिनांक 13 जनवरी 2024 को केवलारी में उपास्थित अधिकारी अपर मंडल रेल प्रबंधक गोरख विश्वनाथ जगतापए वरिष्ठ मंडल प्रबंधक वाणिज्य अविनाश कुमार आनंद के साथ मंडला सांसद और केवलारी विधायक की उपस्थिति में रीवा इतवारी का स्टॉपेज दिलाए जाने एरैंक पॉइंट तक लोडेड वाहनों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने के अलावा आरक्षण बिंडों चालू कराये जाने की मांग रखी गई थी तीन माह बीत जाने के बाद भी ना तो रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज मिला है ना ही आरक्षण बिंडो चालू हुई है और ना ही रेक पॉइंट पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग का कोई शेड्यूल बनाया गया ।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर डिविजन में पदस्थ अधिकारियों की उदासीन कार्यप्रणाली का परिणाम है कि रेलवे स्टेशनों में पेयजल सुविधाओं का अभाव के साथ महत्वपूर्ण बिषयो को नजर अंदाज किया जा रहा है।

## अवैध रेत परिवहन करते ट्रेक्टर जब्त, अनुविभागीय अधिकारी घुघरी ने थाने के सामने की जांच कार्यवाही



**मण्डला।** घुघरी में अवैध उत्खनन और परिवहन करते ट्रेक्टर को जब्त किया गया है। रेत लेकर परिवहन कर रहा ट्रेक्टर बिना रायल्टी चल रहा था। अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायत पर घुघरी थाने के सामने से जा रहे वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए जांच कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान थाने के सामने से अनुविभागीय अधिकारी सीएल वर्मा ने अवैध परिवहन कर निकल रहे ट्रैक्टर को रोका। ट्रेक्टर चालक के पास वाहन में रखी रेत की रायल्टी नहीं थी। वाहन बिना रॉयल्टी के खनिज परिवहन कर रहा था। अवैध रूप से रेत लेकर जाने पर वाहन को घुघरी थाने में जब्त कर लिया गया। आगे की कार्रवाई घुघरी पुलिस कर रही है। बताया गया कि दो दिन पूर्व घुघरी क्षेत्र में रेत माफिया द्वारा अवैध उत्खनन कर रेत निकाली जा रही थी। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने रोका। जिस पर रेतमाफिया द्वारा ग्रामवासी और मीडिया कर्मियों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। जिसके लोकर मंगलवार को घुघरी के ग्रामीणों ने मंडला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और खनिज अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर मंडला कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी घुघरी द्वारा अवैध रूप से खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच कार्रवाई की गइ। कार्रवाई में एक ट्रेक्टर वाहन को बिना रायल्टी के परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

## शीतल जल सेवा केन्द्र प्रारंभ



**मण्डला।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ मंडला पदाधिकारियों द्वारा बस स्टैंड रोड मंडला में ग्रामीण जनों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शीतल जल सेवा केन्द्र प्रारंभ किया गया है।सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग पदेन जिला कमिश्नर स्काउट एल एस जगेत , जिला सचिव स्काउट दिनेश दुबे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष अजय खोत, उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, उपाध्यक्ष कल्पना नागेश्वर , ए सी आफिस से राजेश बर्मन,डी टी सी क्रांति कुमार सोनवानी,डी ओ सी महेश प्रसाद सरौते,सह सचिव लोक सिंह पदम, मंडला ब्लाक प्रभारी डॉ रवि हरदहा , सह प्रभारी डॉ कमलेश हरदहा आदि उपस्थित रहकर इस भीषण गर्मी में पथिकों को जल पिलाने के अभियान में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया है जिसके लिए भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ मंडला के सभी पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त कर साधुवाद दिया है।

निर्देश | नगरीय निकायों की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# कचरा फैलाने वालों पर लगे जुर्माना





* सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता करें अनिवार्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने नगरीय निकायों में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और सौन्दर्यीकरण नगरीय निकायों की प्राथमिकताओं में सम्मिलित होना चाहिए। स्वच्छता अभियान में जन अभियान का स्वरूप प्रदान करें। संबंधित अधिकारी चैकलिस्ट का अध्ययन करें तथा उसके अनुसार विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपें। साथ ही नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में स्थानीय लोगों का सहयोग प्राप्त करें।

डॉ. सिडाना ने गीले तथा सूखे कचरे को पृथक-पृथक संग्रहित करने, कचरा प्रसंस्करण केन्द्रों को संचालित करते हुए गीले कचरे से खाद आदि बनाने की प्रक्रिया तथा सूखे कचरे के निष्पादन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरा कचराघर समाप्त करें। लोगों को गाड़ी में ही कचरा डालने के लिए प्रेरित करें। कचरा फैलाने वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही करें। कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों में रूटचार्ट लगाएं, चालक ड्रेस कोड पालन करें। वाहनों के लॉगबुक का विधिवत संधारण करें। डॉ. सिडाना ने कहा कि प्रमुख चौराहों तथा दीवारों पर स्वच्छता संबंधी पेंटिंग कराएं, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करें। कलेक्टर ने सिटीजन प्रोफाईल, जल संरचना, ग्रीन स्पेस तथा डॉक्यूमेंटेशन आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल आपूर्ति की व्यवस्था को बेहतर बनाएं। हर घर तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। रास्ते पर खड़े वाहनों पर पुलिस, राजस्व, आरटीओ तथा नगरीय निकायों द्वारा सम्मिलित रूप से कार्यवाही करें। बैठक में सहायक कलेक्टर आकिप खान, परियोजना अधिकारी शहरी विकास हुनेन्द्र घोरमारे सहित सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### लापरवाह ठेकेदारों को ब्लेकलिस्टेड करें

बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय निकायों में संचालित निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कार्यों पर गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया ऐसे ठेकेदार जिन्होंने निर्माण कार्य प्रारंभ करके कार्य को बंद कर दिया है वे यदि एक सप्ताह में निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ नहीं करते तो उन्हें ब्लेकलिस्टेड करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि जल संरचनाओं तथा पार्क निर्माण के कार्यों को जल्द पूरा कराएं। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

### जल्द पूरा कराएं आवासों के कार्य

बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि स्वीकृत आवास के कार्यों को 15 जून 2024 के पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। संबंधित नगरीय निकाय का तकनीकि अमला हितग्राहीवार समीक्षा करते हुए कार्यों में प्रगति लाएं। बिछिया में 63 तथा नैनपुर में 36 आवास के कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किए जाने पर उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त की। डॉ. सिडाना ने कहा कि अमृत 2.0 के कार्यों को सीएमओ व्यक्तिगत रूप से मॉनिटर करें।

# थाना कोतवाली पुलिस की शराब के अवैध परिवहन पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




दिनांक 30/04/24 को थाना कोतवाली पुलिस को प्राप्त सूचना पर तत्काल एक्शन लेते हुए थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व वाली टीम द्वारा कार्यवाही की गयी। टीम को सूचना मिली की मरघटी के पास देवदरा में सूरज सोनवानी निवासी देवदरा का काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब लाकर रखा है जो शहर में स्कूटी से अपने लड़कों के साथ स्पलाई कर रहा है। पुलिस टीम द्वारा बताये गये स्थान पर तत्काल दबीश दी गयी। दबिश के दौरान पुलिस टीम ने बताये स्थान पर 02 स्कूटी व कुल 17 पेटी शराब जिसमें 07 नग खड्डे के कार्टून पेटी में अंग्रेजी गोवा कम्पनी की शराब प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव प्रत्येक 180 एम. एल., 02 नग खड्डे के कार्टून पेटी में जिनियस अंग्रेजी कम्पनी की शराब प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव प्रत्येक 180 एम.एल., 05 नग खडडे के कार्टून पेटी में देशी मदिरा प्लेन की प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव प्रत्येक 180 एम.एल., 03 नग खडडे के कार्टून पेटी में अंग्रेजी हंटर कम्पनी की बीयर प्रत्येक पेटी में 12-12 बोतल, प्रत्येक 650 एम.एल. कुल 17 पेटी 149.4 लीटर कीमती 84000 रु. की मिली जिसे दिनांक 30.04.2024 को जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध का पाये जाने आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। दबीश के दौरान आरोपी मौके से पुलिस टीम को देखकर फरार हो गया जिसकी तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार दबीश दी जा रहीं हैं। उक्त कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में टीम द्वारा की गयी जिसमें सहायक उप निरीक्षक भुवनेश्वर वामनकर, प्रआर पुरन ईडपांचे, आरक्षक सुंदर भलावी, अमित गरयार, रामचरण, मानसिंह परते शामिल रहें। उल्लेखनीय है कि मंडला पुलिस द्वारा जिले में नशे के खात्मा हेतु आपरेशन क्लीन स्वीप चलाया जा रहा हैं एवं आपरेशन के तहत हेल्पलाइन नंबर 7587644166 जारी किया गया है जिसपर प्राप्त सूचना पर मंडला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

## व्यायाम शिक्षक श्री प्रदीप वर्मा का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**सिवनी।** महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाली सिवनी में व्यायाम शिक्षक के पद पर पदस्थ श्री प्रदीप वर्मा जी के सेवानिवृति के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया. जिसमें म.ल.बा. कन्या शाला का समस्त स्टॉफ शामिल रहा. अधिवर्षिता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हो रहे श्री प्रदीप वर्मा व उनके परिवारजनों को जलपान कराकर शाला परिवार द्वारा श्री वर्मा जी को तिलक लगा शॉल, श्रीफल, बुके एवं उपहार भेंट कर उनका भव्य सम्मान किया गया.ज्ञात हो कि श्री प्रदीप वर्मा जी ने शैक्षणिक जगत में 40 वर्ष 2 माह 26 दिन अपनी सेवाएं दी. शासकीय हाई स्कूल भोमा में सन-1984 में पदस्थ रहे, 2012 से 2015 तक खेल प्रभारी के रूप में जिला शिक्षा विभाग में रहे तत्पश्चात आप 2015 से वर्तमान तक महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी शाला से सेवा निवृत्त हुए. कार्यक्रम में उपस्थित उनके सहकर्मियों द्वारा उनके पूरे सेवाकाल के दौरान विभाग के प्रति कर्तव्यनिष्ठ व निष्ठापूर्वक कर्तव्य पालन के लिए सराहना की गई।

